# प्रेस नोट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर दिनांक 17.03.2026

**ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित आवेदक के कुल ₹ 33,325 /- (तैतीस हजार तीन सौ पच्चीस रुपये मात्र) वापस दिलाया गया**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक राजघाट के नेतृत्व में मय साइबर सेल टीम थाना राजघाट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आवेदक के क्रेडिट कार्ड से हुए गोल्ड की खरीददारी की डिलीवरी को रोका गया तथा संबंधित नोडल अधिकारी से आवश्यक समन्वय स्थापित कर आवेदक के क्रेडिट कार्ड में ₹33,325 /- (तैतीस हजार तीन सौ पच्चीस मात्र) पैसा रिफंड कराया गया है।

**विवरण-**

आवेदक द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत किया गया था कि आवेदक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट को बढ़ाने के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी करके साइबर अपराधी द्वारा कुल ₹33,325 /- ट्रांसफर कर लिया गया था। आवेदक की जागरूकता और समय से दी गई सूचना थाना राजघाट पर दिया गया जिसके क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज किया गया था। आवेदक के क्रेडिट कार्ड से ट्रांसफर रुपयों का रिलायंस से आनलाइन गोल्ड की खरीददारी के लिए उपयोग किया गया था। साइबर नोडल उ0नि0 वैभव विश्वकर्मा द्वारा रिलायंस के नोडल से समन्वय स्थापित कर उक्त संदिग्ध ट्रांसेक्शन को रोका गया तथा आवश्यक समन्वय स्थापित कर साइबर हेल्पडेस्क टीम थाना राजघाट द्वारा आवेदक का पैसा उसके क्रेडिट कार्ड में रिफंड कराया गया।

**बरामदगी की टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
2. व0उ0नि0 अरविंद राय थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 वैभव विश्वकर्मा साइबर नोडल थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
4. कंप्यूटर ऑपरेटर हे0का0 राम प्रकाश चौधरी थाना राजघाट जनपद गोरखपुर